हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 जून 2024

06 फर्नीचर मार्टो की जांच के लिए डीएफओ ने दो दल...



09 डीएसओ, एमएसएस व डीवायओ का संयुक्त...






## खबर संक्षेप

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 27 जून को

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है।

### 25 जून तक समर्थन मूल्य पर खरीदी

**सीहोर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 20 मार्च से 7 मई तक होनी थी, लेकिन अच्छे भाव मिलने के कारण किसानों का रूख मंडी की तरह ज्यादा रहा। समर्थन का सरकारी भाव 2400 प्रति क्विंटल, जबकि मंडी में 2450 से 2600 रुपए मिल रहा है। इसका सीधा असर समर्थन के लक्ष्य पर पड़ रहा है। इस बार 6 लाख 40 हजार टन खरीदी का लक्ष्य है, लेकिन 5 लाख 6 हजार 34 टन ही खरीद हो सकी है। इसके लिए सरकार ने फिर खरीदी की तिथि बढ़ा दी। अब 25 जून तक किसान समर्थन पर खरीदी कर सकेंगे। पहले 7 मई अंतिम तिथि थी, जिसे 20 मई कर दिया। इसके बाद 31 मई कर दिया था। जबकि 27 मई को 147 केंद्रों को बंद कर दिया गया। 93 खरीदी केंद्र चालू, लेकिन बचेंगे सिर्फ 5 से 10 इस बार कुल खरीदी केंद्र 240 बनाए गए थे। 27 मई के बाद जिले में 93 खरीदी केंद्र चालू थे।

### जिले में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एक्टिविटी बढ़ने से अच्छी बारिश होने के आसार

# चार दिन बारिश का अलर्टः आज एंटर हो सकता है मानसून, गरज-चमक की स्थिति भी बनी रहेगी

प्री मानसून की अच्छी बारिश होने के बाद किसानों ने शुरू की बोवनी। जहां बारिश नहीं हुई वहां किसान कर रहे बारिश का इंजतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट है। जिल में अगले 24 घंटे यानी, रविवार तक मानसून एंटर हो सकता है। शनिवर को को मौसम के बदलने से दिन का तापमान 5.4 डिग्री तक लुढ़क गया। इस दिन पारा 32.7 डिग्री पर आ गया। वहीं, रात का तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार इससे पहले अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ब्रांच के एक्टिव नहीं होने से मानसून ठहरा हुआ था। लेकिन गुरुवार से जिले में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एक्टिविटी देखने को मिली। पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्री मानसून एक्टिविटी बढ़ गई है। अब किसानों ने खरीफ सीजन की बोवनी की तैयारी कर ली है।

कई जगह किसानों ने बोवनी भी कर दी है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने के बाद मौसम साफ होने से किसान सोयाबीन, उड़द और धान की बोवनी कर लेंगे। इधर मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों में आच्छी बारिश अलर्ट जारी किया है।



**सीहोर।** शनिवार दोपहर में करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश का दौर चला। इससे शहर तरबतर हो गया।

### जिले में बीते 24 घंटे में 3.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 3.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0 मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 3.0, जावर में 18.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 1.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 9.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**जिले में 01 जून से 22 जून तक 65.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज :** जिले में 01 जून से 22 जून को प्रातः 8 बजे तक 65.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 29.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 22 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 141.4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 40.0, आष्टा में 65.0, जावर में 50.0, इछावर में 156.0, भैरूंदा में 25.0, बुधनी में 16.0 तथा रेहटी में 29.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### किसानों को सलाह

मानसून के आने के बाद जून के आखिरी या जुलाई के दूसरे सप्ताह तक का समय बोवनी के लिए उपयुक्त है। जब 4 इंच बारिश हो जाए तो किसान बोवनी कर सकते हैं। पर्याप्त बारिश होने या फिर सिंचाई की सुविधा होने पर 23 जून के बाद धान की नर्सरी के लिए किसान खेत तैयार कर लें। सोयाबीन की बोवनी मानसून आने के पश्चात भूमि में पर्याप्त नमी होने पर ही करें। अरहर की बुवाई के लिए खेत की तैयारी करें। जिन किसानों के पास सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो, वे हरी खाद के लिए मक्का या ढैंचा की बोवनी करें।

### अगले 4 दिन ऐसा रहेगा मौसम

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि 24 जून को भी तेज बारिश होने का अलर्ट है। 25 जून को मौसम में थोड़ा बदलाव हो सकता है। हालांकि, तेज बारिश का दौर जारी रहेगा।

## घर में घुसकर युवक को लात-घूसे मारेः शराब तस्करी का आरोप, पीटने वालों ने खुद को बताया आबकारी विभाग का कर्मचारी



**सीहोर।** जिले के बुधनी क्षेत्र से एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग लात, घूंसों और चप्पलों से पिटाई कर रहे हैं। यह वीडियो कबका है इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहने वाले युवक को कुछ लोगों ने पीट दिया। पीटने वाले लोग युवक से पूछते रहे कि उसके घर में कितनी शराब रखी है। मारपीट करने वाले अपने आप को आबकारी विभाग का बता रहे थे। पता चला है कि कुछ दिन पहले इसके घर कुछ लोग पहुंचे और युवक से मारपीट करने लगे। मामले में बताया जा रहा है कि शराब की तस्करी के मामले में यह पूरी घटना हुई और मारपीट करने वाले आबकारी विभाग के कर्मचारी नहीं थे। जिस युवक की पिटाई हुई उसके घर में एक बैग भरकर अवैध शराब भी मिली है। मामले में बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह का कहना है कि एक युवक के जो बिहार का रहने वाला है, वह बुधनी में किराए से रहता था, इसके घर से एक बैग भरकर शराब भी जब्त हुई है। एसडीओपी शशांक गुर्जर का कहना है कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है, लेकिन फरियादी ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई।

### मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुये और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुये कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रू0 जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

## चोरों पर शिकंजा, पकड़े गए बदमाश : चार दिन में तीन चोरियों की शिकायत मिली थी, चोरी गया सामान भी जब्त

**भैरुंदा।** सीहोर की भैरूंदा पुलिस ने चौकी लाडकुई क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का शनिवार सुबह खुलासा कर दिया है। तीनों घटनाओं में चोरी गया सामान भी जब्त कर एक बाल अपचारी सहित 2 आरोपी हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार 20 जून को रामदीन ने पुलिस में रिपोर्ट की थी कि कोई अज्ञात चोर 17 जून को रात के समय सिघपुर में दुकान का ताला तोड़कर किराने का सामान चोरी कर ले गया है। इसी तरह अंसार खान ने कुंआ सिंहपुर से एक हॉर्स पावर जलपरी मोटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। एक अन्य मामले में मुकेश प्रजापति के पान की दुकान सरकारी अस्पताल के सामने लाडकुई से 14 जून की रात को दुकान में घुसकर कोई अज्ञात चोर पान गुटखा व अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जो तीनों घटनाओं में मामला दर्ज कर चोरी की तलाश की जाकर थी। इसी दौरान पुलिस को मिली सूचना के आधार पर एक नाबालिग सहित 2 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। जिनके द्वारा तीनों घटनाओं में चोरी गया सामान चुराना बताया गया। आरोपी मिथुन बरेला एवं एक बालअपचारी के बताए अनुसार चोरी के सामान को बरामद किया गया है। आरोपी मिथुन बरेला निवासी सिंहपुर को गिरफ्तार किया वहीं बाल अपचारी के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।



उल्लेखनीय है, पुलिस ने चोरों से सिगरेट के बंडल, 2 शेंडिस्क कंपनी 64 GB की पेन ड्राइव, कार्ड रीडर, नगद 1100 रूपए, तेल के पैकेट, बर्तन साबुन के बंडल व अन्य किराना सामान, एक हॉर्स पावर की जल परी सार्प कंपनी की मोटर आदि सामान कुल कीमती करीब 75 हजार रुपए का जब्त किया है।

## नीट घोटाले और प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने किया धरना प्रदर्शन

**सीहोर।** नीट घोटाले एवं प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले के विरोध में अखिल भारतीय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सीहोर जिला मुख्यालय पर स्थानीय कोतवाली चौराहे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया।

सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से शुरु हुआ व्यापम घोटाले जैसा भ्रष्टाचार अब पूरे देश में फेल गया है। नीट परीक्षा परिणाम में गड़बडियों पर शिक्षा मंत्री का जवाब 24 लाख छात्रों एवं उनके अभिभावकों की चीख-पुकार को पूरी तरह से अनदेखी करता है। क्या शिक्षा मंत्री को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते। क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्रवाइयां हुईं और रैकेट पकड़े गए, सरकार उन्हें भी झूठा मानती है। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार में अब भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है।

पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि पेपर लीग का असर सबसे ज्यादा गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार पर पड़ता है। प्रदेश सरकार को युवाओं के भविष्य के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उपाय करने चाहिए। नीट का पेपर लीक हुआ। किसान नेता रघुवीर सिंह दांगी ने कहा कि क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए? क्या सरकार की ये जिम्मेदारी नहीं बनती कि छात्रों व अभिवावकों की बात की अनदेखी करने की बजाय, शिकायतों पर गंभीरता से गौर करते हुए इस भारी भरकम भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही करते हुए सभी को जेल भेजा जाए। कार्यक्रम का संचालन सुनील दुबे ने किया एवं आभार व्यक्त बलवान ठाकुर ने व्यक्त किया। बड़ी संख्या में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, सुरेश साबू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर, युवा नेता मनीष मेवाड़ा ने भी सम्बोधित कर अपना विरोध प्रकट किया।




इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, चम्पालाल राठौर, राजेन्द्र वर्मा, देवकी नन्दन त्यागी, गणेश तिवारी, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, राजेश यादव भूरा, राकेश वर्मा, आशीष गेहलोत, ओम बाबा राठौर, जयंती शाह, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, नरेन्द्र खंगराले, देवेन्द्र चौधरी, मुनव्वर मामू, मजीद अंसारी, जयमल सिंह राजपाल, जमील बहादुर, के.के. रिछारिया, भगत सिंह तोमर, राजकुमार तुलसी राठौर, मुकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, कमलेश चाण्डक, हरीश आर्य, संतोष सिंह बेस, सहीद मंसूरी, रामानन्द शुक्ला, डॉ. मारूती राव, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तँवर, अरूण राय, धीरज सिंह पहलवान, नारायण सिंह पूर्व सरपंच, अर्विन्द सिंह ठाकुर, दीपक सोनकर, सूर्यप्रतासिंह जादौन, विक्रम सिंह, रामगोपाल मुकाती, विनीत गोयल, राहुल कुशवाहा, प्रमोद मेवाड़ा सहित सेकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण और शारीरिक माप 26 जून से 28 जून तक होंगे

**सीहोर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके परिणाम 14 मार्च को जारी कर दिये गये थे। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के वनरक्षक एवं वन विकास निगम के क्षेत्ररक्षक का अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्रवाई वन विभाग द्वारा 24 मई से 27 मई के मध्य कराई गई थी। इसमें अधिक गर्मी के कारण कार्रवाई स्थगित की गई थी। साथ ही लोकसभा चुनाव में ड्यूटी होने के कारण अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे अनुपस्थित एवं 5 जिलों के शेष संविदा अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक माप परीक्षा अब 26 जून से 28 जून तक संबंधित जिला वन मण्डलों में आयोजित की जायेगी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) कमलिका मोहन्ता ने बताया कि समय-सारणी की विस्तृत जानकारी वन विभाग की वेबसाइट **www.mpforest.gov.in** पर उपलब्ध है।

### जिले में बनाए गए 1604 पोलियो बूथ, बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने कलेक्टर ने की अपील

# पल्स पोलियो अभियान आज से : 23 जून से 25 जून तक पिलाई जाएगी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पल्स पोलियो अभियान जिले में 23 जून से प्रारंभ हो रहा है और यह अभियान 25 जून तक चलेगा जिला चिकित्सालय में 23 जून को प्रातः 9.00 बजे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2024 का शुभारंभ होगा। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष की आयु के करीब 01 लाख 98 हजार 310 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम विधायक सुदेश राय ,कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर की उपस्थिती में आयोजित किया जाएगा।



कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आमजनों से अपील की है कि 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को 2 बूंद पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। पल्स पोलियो अभियान 03 दिवस तक समस्त ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों, मंजरे टोले, ट्रांजिट साइट पर चलाया जाएगा। 23 जून को पोलियो रविवार के रूप में निर्धारित बूथ स्तर पर तथा 24 जून एवं 25 जून को पोलियो खुराक से छूटे हुए 0 से 5 साल तक के बच्चों को घर-घर पहुंचकर कर्मचारियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी।

### विकासखंडवार लक्षित बच्चों की संख्या

जिले में कुल 198310 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी इसमें आष्टा विकासखण्ड में 52 हजार 957, बुदनी 21 हजार 295, इछावर 22 हजार 701, भैरूंदा 31 हजार 676. श्यामपुर 48 हजार 279 बच्चों तथा जिला चिकित्सालय शहरी क्षेत्र में 21 हजार 502 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### जिले में बनाए गए 1604 पोलियो बूथ

अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कुल 1604 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिसमें 1443 बी टाईप बूथ एवं 161 सी टाईप बूथ हैं।

**इस अभियान के लिए शासकीय अमले की व्यवस्थाः**43 मोबाईल टीमों को दो बूंद पिलाने के लिए मैदानी स्तर पर तैनात किया गया है। 55 ट्रांजिट टीमों को लगाया गया है। 3632 वैक्सीनेटर, 210 सुपरवाईजर्स तथा 70 वाहनों को अभियान की सफलता में लगाया गया है।

### बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी आमजन से जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर देश का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी यह सुनिश्चित करें की इस अभियान में कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रहे।

## परीक्षा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

**सीहोर।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा -2024 जिले के 06 परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 02:15 बजे से सायं 04:15 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगी। कलेक्टर सिहं ने सभी केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 23 जून प्रातः 08 बजे से परीक्षा समाप्ति तक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। केन्द्रीय विद्यालय न्यू प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल नाका सीहोर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार ऋतु भार्गव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शा. कन्या महाविद्यालय भोपाल नाका सीहोर कि लिए नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंगला,शा. चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल नाका सीहोर के लिए नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया, नूतन बाल विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल इंग्लिशपुरा सीहोर के लिए नायब तहसीलदार नवल किशोर कटारे, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि तिलक पार्क कस्बा सीहोर के लिए नायब तहसीलदार चंचल जैन, शा. महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल उ.मा.वि. सीहोर के लिए नायब तहसीलदार मुकेश सांवले की ड्यूटी लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### कालू शर्मा बने ब्राह्मण अंतराष्ट्रीय संगठन युवा के प्रदेशाध्यक्ष



सीहोर। ब्राह्मण समाज के सक्रिय युवा और समाजसेवा में हर समय तत्पर रहने वाले राममस्वरूप शर्मा कालू को सारभौम सनातन धर्मसभा के राष्ट्रीय महामंत्री नवनियुक्त जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित की अनुशंसा पर ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन का युवा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष मनोनित किया है। इस मौके पर कालू शर्मा ने महासभा के परम अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगद गुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज, केन्द्रीय समन्वयक ओंकार नाथ मिश्र का आभार व्यक्त करते हुए शर्मा को बधाई दी है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पंडित अशोक जोशी, पंडित अरुण जोशी, पंडित चंद्र किशोर शर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पंडित गणेश शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, पंडित संजय व्यास, पंडित अखिलेश राजोरिया, पंडित चंदू शर्मा, नीलम शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, विशाल परदेसी, अशोक पहलवान, शुभम मालवीय, नितेश सेन, सुमित भानू उपाध्याय, मनोहर शर्मा, दीपक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा कल्लू, मितेश शर्मा, आशुतोष शर्मा मौनी, नवनीत उपाध्याय, राकेश शर्मा महाकाल शामिल है।

### नियमानुसार वन परिक्षेत्र में 10 किमी. के दायरे में नहीं होना चाहिए फर्नीचर मार्ट सहित आरामशीनों का संचालन

# फर्नीचर मार्टो की जांच के लिए डीएफओ ने दो दल किए गठित, वन क्षेत्र की भी होगी जांच

**रेहटी वन परिक्षेत्र के तहत आने वाले चकल्दी सर्किल में फर्नीचर मार्ट के नाम पर आरामशीनों का संचालन होने की जानकारी सामने आई थी**

हरिभूमि न्यूज ⏭रेहटी



वनों की अवैध कटाई का मामला रेहटी वा लाड़कुई वन परिक्षेत्र में लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। जिसके चलतें डीएफओ सीहोर के द्वारा दोनों ही वन परिक्षेत्र की जांच के लिए दो दल तैयार किये हैं जो वनों में जाकर अनियमित्ता की जांच करेंगे। इस दौरान यदि वन संपदा को नुकसान पहुंचाने व अवैध कटाई के मामले सामने आते हैं तो जिम्मेदारों पर गाज गिरना भी तय हैं। इस मामले में स्वयं डीएफओ मगन सिंह डाबर के द्वारा दो बार वन परिक्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जा चुका है और उसके बाद ही उन्होंने चार-चार सदस्यी दो दलों का गठन किया है। निरीक्षण के दौरान वन परिक्षेत्र की सीमा में खुले फर्नीचर मार्ट के लायसेंस के संबंध में भी उन्होंने वन परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित किया है। हालांकि इस मामले में वन संपदा को बचाने के लिए दल के द्वारा कितनी ईमानदारी के साथ काम किया जाता हैं यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उल्लेखनीय हैं कि रेहटी वन परिक्षेत्र के तहत आने वाले चकल्दी सर्किल में फर्नीचर मार्ट के नाम पर आरामशीनों का संचालन होने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके चलतें अधिकारियों ने वन परिक्षेत्र में पहुंचकर जांच भी की थी। लेकिन जांच में वन अमले ने फर्नीचर मार्टो को क्लीन चिट दे दी थी। इसके अतिरिक्त रेहटी नगर में संचालित होने बाली आरामशीनों में लगातार अनियमित्ता की बातें सामने आने के बाद भी वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से मामला लगातार संदेहस्प्रद बना हुआ है। यहां पर रात के अंधेरे में नियमों को दरकिनार कर मशीनों का संचालन भी बैखोफ तरीके से किया जाता है। इसके बाद डीएफओ ने जांच के आदेश जारी किये थे। डीएफओ ने बताया कि उनके द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारियों को समय-समय पर जांच किये जाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन यदि लापरवाही हो रही हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

**10 किमी. के दायरे में खुले फर्नीचर मार्ट के लाइसेंसों की होगी जांच :** राजपत्र में प्रकाशित वनों के नोटिफिकेशन के अनुसार वन परिधि में 10 किमी. के दायरें फर्नीचर मार्ट सहित आरामशीनों का संचालन शासन के नियमों के विरूद्ध है। ऐसे में चकल्दी, रेहटी, लाड़कुई में खुले फर्नीचर मार्टो की जांच की जाऐगी। इनके लायसेंस विधिवत जारी हुए हैं या नहीं। यदि लायसेंस जारी करने में नियमों की अनदेखी की गई हैं तो उन्हें निरस्त करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी गाज गिरना तय है। इस मामले में चकल्दी व लाड़कुई में संचालित फर्नीचर मार्टो पर वन परिक्षेत्र अधिकारियों की कितनी मेहरबानी हैं यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**पहले ऊर्जावन योजना के तहत लगाए आंवले के 250 पौधे, अब हो रही खेती :** वन विभाग द्वारा वर्ष 2017-18 में ऊर्जावन योजनान्तंगत पिपलानी सबरेंज को किशनपुर बीट में 5 हैक्टेयर वन भूमि को ऊर्जावन का नाम देते हुए 250 आवंले के पौधे रोपित किये गए थे। लेकिन अब इन पौधों को नष्ट कर यहां पर खेती की जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद अब विभाग के अधिकारी जबाव देने की स्थिति में भी नहीं दिखाई दे रहे है। ऊर्जावन के नाम पर आंवले के पौधे लगाने सहित 3 लाख का खर्च आया था। लेकिन सूत्र बतातें हैं कि किशनपुर के ग्रामीणों के द्वारा अब बीट पर कब्जा खेती की जा रही है।

#### 10 वर्ष पहले निगम को सौंपी बीट में वन विभाग का नाकेदार मर्जी से पदस्थ

सूत्र बतातें हैं कि लगभग 10 साल पहले वन विकास निगम को भिलाई बीट का एक हिस्सा हस्तांतरित किया जा चुका हैं। लेकिन यहां पर वन सामान्य का एक बीट गार्ड आज भी मर्जी से पदस्थ हैं। रेंजर के मुताबिक निगम को यहां पर बना हुआ भवन हस्तांतरित नहीं किया है। सवाल यह उठता है कि जब भिलाई में वन विभाग की कोई बीट हैं ही नहीं तो फिर वहां पर नाकेदार किस आधार पर पदस्थ है। इस मामले में लाड़कुई रेंजर के द्वारा संबंधित नाकेदार का श्यामपुर बीट में पदस्थ होने की बात कहीं है, लेकिन अभी भी नाकेदार भिलाई बीट पर ही मौजूद है। मगन सिंह डाबर डीएफओ सीहोर का कहना है कि लाड़कुई व रेहटी क्षेत्र में वनों की अवैध कटाई की लगातार मिल रही शिकायत के बाद मेरे द्वारा दो दलों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा वन, आरामशीन व फर्नीचर मार्ट की जांच कर रिपोर्ट सौंपी जाएगी। श्यामपुर बीट में यदि ऊर्जावन में यदि आवंले के पौधे नष्ट किये गए हैं तो उसकी भी जांच कराई जाकर संबंधितों खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चर्च मैदान हमारे शहर की धरोहर, इसका विकास होना जरूरी:नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर



सीहोर। शहर में जल स्तर को बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक सीवन नदी के गहरीकरण के अलावा सौंदर्यीकरण करने वाले नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का शुक्रवार की सुबह पुष्प माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि वह जनता के आशीर्वाद से सेवक के रूप में कार्य करते आ रहे है और वह एक खिलाड़ी है, इस भावना को मद्देनजर रखते हुए चर्च खेल मैदान को पूर्ण विकसित करने के लिए प्रयास कर रहे है।

यहां पर खिलाडियों की मांग पर उन्होंने करीब 15 लाख से होने वाले कार्य घोषण करते हुए बताया कि यहां पर स्टेडियम के सामने पेपर्स ब्लाक, मैदान तक जाने वाले रोड का डामरीकरण, पेयजल के लिए पानी की टंकियां और 500 से अधिक पौधों का रोपण भी किया जाएगा। शहर का चर्च मैदान हमारे लिए धरोधर से कम नहीं है। इसके विकास और खिलाडियों की सुविधा के लिए हम सदैव तैयार है। उन्होंने बताया कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सारी कवायद की जा रही है। शहरवासियों के लिए नियमित रूप से पेयजल का इंतजाम के लिए करोड़ों रुपए से पाइप लाइन, आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकी और शहर की जीवनदायनी सीवन का गहरीकरण सहित अन्य कार्य को अंजाम देने वाले नपाध्यक्ष श्री राठौर का चर्च मैदान पर खिलाडियों ने शुक्रवार की सुबह सम्मान किया है। उन्होंने इस मौके पर अनेक सौगातों की घोषणा की है। हम सभी खिलाड़ी आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर डॉ. एफए कुरैशी, अनिल राय, मधुर विजयवर्गीय, डॉ. गौरव ताम्रकार, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, प्रदीप वशिष्ठ, भारत गुप्ता, अजय अग्रवाल, भारत वारिया, दीपक शर्मा, पंकज, दिग्विजय सिंह, भागवत मालवीय, प्रमोद राय, सौरभ झंवर, जितेन्द्र माहेश्वरी, वीरु वर्मा, दीनु राजपूत, केपी विश्वकर्मा, नवनीत तोमर, नटवर कुशवाहा, शैलू राय, महेश राणा, नितिन सोनी आदि शामिल थे।

## सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 3-0 के अंतर से हराया



सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही बेबी लीग खेल मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन सीहोर क्लब ने एक तरफा मुकाबले में एमजी क्लब को 3-0 से हराया। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से मोहित, शिवा और प्रकृति ने एक-एक गोल किया था। इसके अलावा एक अन्य मैच भी आवासीय विद्यालय ने बड़े अंतर से जीता।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया मैदान पर आल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के द्वारा निशुल्क रूप से यहां पर आने वाले खिलाडियों को ड्रेस और खेल की बारीकियों से अवगत किया जा रहा, बेबी लीग खेल मेला और प्रशिक्षण में करीब 200 से अधिक बच्चे आ रहे है। शुक्रवार की शाम को दो मैच खेल गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने 3-0 से जीता वहीं दूसरा मैच आवासीय स्कूल ने डीएसवायडब्ल्यू को 2-0 से हराया। इस मैच में आवासीय की ओर से अनिकेत और कार्तिक ने एक-एक गोल किया था। मैच के अंत में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए राकेश पंथी अपने परिवार के साथ आए थे। उन्होंने खिलाडियों को संबोधित किया।

## संगठन की असली रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं, वह अपने पसीने से इतिहास रचते हैं: कार्तिकिय सिंह चौहान




भैरुंदा। आज भारतीय जनता पार्टी के ऐसे ही देवतुल्य कार्यकर्ताओं के मजबूत कंधों पर ही विजय की विराट इमारत खड़ी हुई है।बुधनी विधानसभा क्षेत्र के उन सभी कार्यकर्ताओं को नमन किया जिन्होंने दिन-रात परिश्रम करके इतिहास रचा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने भैरूंदा में कहा कि दुनिया ने हमारी बहुत परीक्षा ली है। 2023 के विधानसभा चुनाव में कई उंगलियां उठाई गईं। कहा गया कि इस बार सरकार बनाना मुश्किल है, लेकिन जनता ने ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया। यह बात कार्तिकेय चोहान ने रामाधीश प्लेस गार्डन में स्थित शुक्रवार को भैरूंदा में कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने पिता शिवराज सिंह चौहान की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्त्ता लोगो का फूलो की वर्षा कर आभार जताया। इस मौके पर कार्तिकेय की मां साधना सिंह चौहान भी शामिल रहीं। वहीं, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्तिकेय ने कहा कि आपके नेता बड़े नेताओं में जाने जाते हैं। जब वे सीएम थे,तब तो लोकप्रिय थे ही, लेकिन जब मुख्यमंत्री नहीं रहे, तब और ज्यादा लोकप्रिय हो गए।कार्यक्रता आभार व्यक्त कार्यक्रम में भैरुन्दा विकास खंड के लाड़कुई ,चकल्दी,भैरुन्दा, गोपालपुर मंडल के आभार कार्यक्रम में साधना सिंह चौहान कार्तिकेय सिंह चौहान ,रमाकांत भार्गव पूर्व सांसद,रवि मालवीय जिलाध्यक्ष ,गुरुप्रसाद शर्मा , रघुनाथ सिंह भाटी,निर्मला बरेला नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर मण्डल अध्यक्ष धीरज पटेल सहित सभी भाजपा नेता पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



सीहोर। भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए सारा राजपाठ त्यागकर वन में चले गए। भगवान श्रीराम त्याग और समर्पण का मार्ग बताया। उक्त विचार शहर के जगदीश मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने व्यक्त किए।

उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास का प्रसंग विस्तार से बताया कि जब श्रीराम के राजतिलक की घोषणा पूरे अयोध्या में फैल गई तो देवताओं ने मां सरस्वती से प्रार्थना की कि अगर श्री राम को तिलक हो गया तो राक्षसों का विनाश नहीं होगा। इसके बाद राम राजा नहीं बने और उन्हें वनवास के लिए जाना पड़ा। वनवास जाने से पहले कौशल्या ने कहा कि मेरा क्या होगा मैं तेरे बिन कैसे जिऊंगी। इस पर भगवान राम ने कहा- मैं पुरुषोत्तम हूं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करना मेरा धर्म है। आप ढ्ढषचता न करें मैं वन के और मैं बन के लिए जा रहा हूं। लक्ष्मण ने कहा मैं भी आपके साथ चलूंगा। राम ने कहा वनवास मेरे लिए है। तुम्हारे लिए नहीं, लक्ष्मण ने कहा कि आप मुझे नहीं ले जाएंगे तो मैं यहां पर लिए जा रहा हूं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करना मेरा धर्म है। राम माता से आज्ञा लेकर चल दिए। आगे चलकर लक्ष्मण मिले लक्ष्मण ने कहा कि आप कहां जा रहे हैं तब श्री राम ने कहा कि मुझे माता पिता ने वनवास दिया है मर जाऊंगा। आपके बिना में जीवित नहीं रहूंगा। लक्ष्मण को लेकर श्रीराम चले फिर सीता जी भी वहां पर आ गई सीताजी ने भी कहा मैं आपके बिना इस अयोध्या में नहीं रहूंगी। इसके बाद तीनों वनवास के लिए चले गए।

### आधार कार्ड 30 जून तक होंगे अपडेट

सीहोर। 10 वर्ष या इसके पहले का आधार बनवाया है और परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो तो ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है। नई सुविधा आधार धारकों को उनके आधार में व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण दस्तावेजों को अपडेट करने की अनुमति देती है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: एसडीएम ने कहा स्वस्थ निरोगी रहने के लिए योगासन करना जरूरी






भैरुंदा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर भैरूंदा के सीएम राइज स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भैरूंदा नगर के वरिष्ठ समाजिक लोगो के साथ अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है। जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए सभी अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को हिदायत दी गई योग के महत्व को समझाने के लिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। भैरूंदा सीएम राइज विद्यालय सामूहिक योग दिवस कर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्रों एवं नगर से पधारे हुए अतिथियों द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदपश्चात रेडियो पर प्रसारित संजीव कार्यक्रम का सीधे प्रसारण के माध्यम से मुख्य मंत्री डॉक्टर मोहन के उद्बोधन के पश्चात सामूहिक योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए नगर के वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता रवि मालवीय जिलाध्यक्ष, मारुति शिशिर नगर परिषद अध्यक्ष रितेश मकवाना नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मांगीलाल खंडेलवाल वरिष्ठ नेता, राजेश लखेरा,कपिल खंडेलवाल, मदन सिंह रघुवंशी (अनुविभागीय अधिकारी भैरूंदा, प्रफुल्ल गटरे नगर परिषद अधिकारी भैरूंदा, उमा खंडेलवाल,अनीता लखेरा,रमा शिशिर, रचना भारी, मनीषा शर्मा , इंदू राय, आरती कुशवाह,एवं योग प्रभारी कुसुम श्रोत्रीय,हर्षवर्धन पाठक एवं बलवान सिंह सोलंकी के द्वारा मंच संचालन एवं योगाभ्यास कराया गया तथा कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में सचिन त्रिवेदी रहे । कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य शैलेन्द्र लोया के द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पांच लाख की लागत से बनाई जाने वाली रोड का भूमिपूजन

# शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी की: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किए जाने का जो संकल्प वर्तमान नगर पालिका ने लिया है उसको मूर्त रूप देते हुए शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे है। शहर में बारिश से पहले सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे जर्जर सड़कों से क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिले। शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत आने वाले साई बाबा मंदिर के पास से छोटी ग्वालटोली तक बनाई जाने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कन्या से कराया। उक्त मार्ग काफी खस्ताहाल था, यहां पर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा होने पर समस्या का समाधान हो सकेगा। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका के द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है।

बारिश से पहले शहर की सड़कों और नालियों का कार्य तेजी से जारी है। सीसी रोड का निर्माण कार्य पांच लाख की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सविता अर्जुन राठौर, प्रदीप बिजोरिया, भाजपा नेता मान सिंह पवार, निलेश राठौर के अलावा अन्य पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## भैरुंदा थाना प्रभारी सहित पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान




भैरूंदा। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया है। इसमें वह लोगों से बातचीत कर उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए नशे की लत से दूर रहने की अपील कर रही है। भैरूंदा पुलिस नगर के मुख्य मार्ग सब्जी बाजार में पहुंचे। यहां परथाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने लोगों से मिलकर नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही नशामुक्त जीवन बिताते से शरीर के स्वस्थ रहने की बात कही। वर्तमान में नशीली दवाएं, मादक पदार्थ नशे के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस कर्मियों ने उनके प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने लोगों को बताया कि इससे बेहद खतरनाक बीमारियां होती हैं। इनके सेवन से इंसान की मौत होने का डर भी बना रहता है। उन्होंने सामाजिक के लोगों से आगे आकर नशे के बारे में लोगों को जागरूक करने की भी अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी घनश्याम दांगी,सहायक उप निरी पूजा राजपूत, संतोष सूर्यवशी सहित पुलिस कर्मी एवं लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ते अपराध, नर्सिंग कॉलेज घोटाला, नीट-यूजी परिणामों में धांधली के खिलाफ

# डीएसओ, एमएसएस व डीवायओ का संयुक्त विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन एवं ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त रूप से पूरे देशभर सहित मध्यप्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते भयंकर अपराधों,नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट व यूजी परीक्षा परिणामों में धांधली एवं बेरोजगारी के खिलाफ स्थानीय दास हनुमान मंदिर चौराहे पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत गगन भेदी नारों से हुई। प्रदर्शन को महिला संगठन एआईएमएमएस जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रभा लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा देश महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों की चीख पुकार से कराह रहा है। मध्य प्रदेश के खुरई, अशोक नगर, सीधी,भोपाल, ग्वालियर, मालनपुर, रीवा आदि जगहों पर महिलाओं एवं छात्राओं के साथ अमानवीय व हिंसक तरीके से बलात्कार व यौन अपराधों को अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं सागर जिले के खुरई में तो सरे राह




युवती को दबंगों द्वारा छेड़ा गया विरोध करने पर उसके भाई और चाचा की पीट पीठट कर हत्या कर दी गई। जो अपराधियों के हौसलों को और बढ़ाता है। इसके साथ ही अश्लीलता अपसंस्कृति, शराब-नशा, पोर्न-साइट अपने चरम पर है जिनको रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। जबकि अपराधों को बढ़ाने में ये सभी कारण जिम्मेदार हैं। 4 साल से नर्सिंग छात्रों की कोई परीक्षा नहीं हुई । ऊपर इतनी बड़ी गड़बड़ी चल रही है । छात्र आंदोलन के दबाव में इस वर्ष परीक्षा ली गई । इतना ही नहीं मेडिकल फील्ड में आगे बढ़ाने के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने नीट परीक्षा कड़ी मेहनत के साथ दी उसका अंजाम भी हमने देखा । इन सभी धोखाधड़ी का जवाब कौन देगा ? यह सिर्फ छात्रों नौजवानों की लड़ाई नहीं है इसमें आम जनता को उतरकर आना पड़ेगा ,आंदोलन में भाग लेना पड़ेगा, सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा, तभी यह कुंभकरण की नींद सोई हुई सरकारे जागेगी। प्रदर्शन को एस यू सी आई सी पार्टी के कार्यालय सचिव कामरेड महेंद्र नायक ने भी संबोधित किया महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों, नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट, यू जी परीक्षा परिणाम में धांधली आदि विषयों पर विस्तार से बात रखी व इस आंदोलन को एसयूसीआई सी पार्टी का समर्थन दिया। और कहा कि देश के छात्र,युवा और महिलाएं अब जागरूक हो रहे हैं, अन्याय अत्याचार के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, लड़ रहे हैं। सबको मिलकर इन तमाम समस्याओं के खिलाफ मजबूत और संगठित जन आंदोलन तैयार करना होगा यही वक्त की पुकार है। उन्होंने आम जनता से अपील की, कि सभी लोग इस आंदोलन में शामिल हो ।

# विधायक की जनता दरबार में क्षेत्र की समस्याओं का किया जा रहा निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची ने जनता दरबार में उपस्थित लोगो को लोकसभा चुनावों में सांसद रोडमल नागर को भारी बहुमतों से जिताने के लिए आभार एवम धन्यवाद दिया। साथ ही जनता दरबार में उपस्थित लोगो को परिवार की संज्ञा देते हुए कहा कि आप सभी मेरा परिवार हो। और मेरे आप सभी की समस्या मेरी समस्या है जिसका मैं जल्द से जल्द निराकरण करवाऊंगी। हालांकि कुछ दिनों पूर्व लोकसभा चुनाव को लेकर काफी व्यस्तता रही, जिसके कारण सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारी भी काफी व्यस्त रहे। क्षेत्र, जिले सहित प्रदेश कार्यालयों का काफी कार्य सुचारू रूप नही हो पाया अब आचार संहिता समाप्ति उपरांत सभी कार्य सुचारू रूप से चलेंगे और विधायक दरबार में पहले की भांति आप लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी होगा। विधायक प्रियंका पैंची के जनता दरबार की खासियत ये है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं और कई लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण भी करवाते हैं। कभी शिकायत तो कभी समस्या का सिलसिला चलता रहता है। कुछ ऐसे काम भी होते हैं,जो विधायक के एक फोन करवाने से हो जाते हैं। कई बार शिकायत होती है कि संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं या फाइल अटकी हुई है, ऐसे में मामले की गंभीरता देखकर विधायक संबंधित अधिकारी को तत्काल फोन करते हैं और उनका काम करवाते हैं। जनता दरबार को लेकर विधायक प्रियंका पैंची ने कहा कि यही परिवारजन हमारी पूंजी है। इनकी बदौलत ही तो हम इनके प्रतिनिधि बने है। अगर हम इनकी नहीं सुनेंगे तो किसकी सुनेंगे। इसीलिए मैं उनको समय देती हूं। लोग अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्या लेकर आते हैं। जितना हो सके उन्हें हल करने का प्रयास करती हूं। लोगों का आवेदन संबंधित विभाग तक नहीं पहुंचा रहता हैं उन्हें भी यहां से मार्गदर्शन देते हैं। उनका आवेदन भी बनवाते हैं ताकि समय पर उनका आवेदन विभाग में सही जगह पहुंचे और उनका काम जल्दी हो सके।

**क्षेत्र,जिले सहित प्रदेश कार्यालयों का काफी कार्य सुचारू रूप नहीं हो पाया अब आचार संहिता समाप्ति उपरांत सभी कार्य सुचारू रूप से चलेंगे**

# पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी करने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कालापीपल

नशे का कारोबार करने वाले और अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने डोडा चूरा तस्करी करने वाले 2 आरोपियों से 1 लाख 32 हजार का 22 किलो ग्राम डोडा चूरा बरामद किया। एसपी यशपालसिंह राजपूत द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने समस्त थानों को निर्देशित किया गया था।

इसी के तहत अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं कार्यवाही के लिए कालापीपल थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया। थाना कालापीपल पुलिस को 21 जून को सूचना प्राप्त हुई की रेलवे स्टेशन के पास दरगाह तरफ महाकाल ढाबे के पास दो व्यक्ति साथ में अलग अलग झोले में मादक पदार्थ डोडा चुरा लेकर खड़े हैं। सूचना पर कार्यवाही कर



पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास दरगाह तरफ महाकाल ढाबे के पास पहुंच कर देखा। दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिसे पुलिस ने पकड़ा जिसने अपना नाम धर्मेन्द्र पिता पप्पू सिंह उम्र 21 साल निवासी सिंधी केंप थाना बाडी जिला रायसेन व दूसरे ने अपना नाम कल्लू पिता स्व सुरी सिंह उम्र 21 साल निवासी सिंधी कॅप थाना बाडी जिला रायसेन के होना बताया। तलाशी पर अवैध रूप से मादक पदार्थ डोडा चुरा होना पाया गया। उक्त डोडा चुरा का वजन करते 22 किलो ग्राम निकला जो कीमती करीबन 1,32000 रूपये के जप्त किये गये। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय ने आरोपियों को 5 दिवस का पुलिस रिमाण्ड हेतु भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना कालापीपल निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भण्डारी, उनि तेजप्रकाश बोहरे, विशाल पटेल, विवेक गोस्वामी, राहुल आरक्षक वेदप्रकाश परमार, आरक्षक नयन यादव, आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक अभिषेक, आरक्षक अखिलेश, आरक्षक शैलेंद्र की मुख्य भूमिका रही।

# वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत तेंदूपत्ता का बंपर संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत इस वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता के कुल लक्ष्य 1600 मानक बोरा के विरुद्ध 1779 मानक बोरा तेंदुपत्ता का संग्रहण हुआ है, जो लक्ष्य का 111% है। वन परिक्षेत्र अधिकारी राघोगढ़ के.सी. अहीर ने बताया कि इस वर्ष परिक्षेत्र अंतर्गत संचालित दोनो प्राथमिक लघु वंनोपज सहकारी समितियो रुठियाई प्रथम एवं रुठियाई द्वितीय की समस्त फड़ो में तेंदूपत्ता की पिछले वर्ष की तुलना में कम उपज हुई है, लेकिन फिर यह लक्ष्य से अधिक ही हुई है। इस वर्ष अप्रैल माह में तेंदूपत्ता की झाड़ियों में नया पत्ता बनने के दौरान हल्की असामयिक बारिश होने से बीड़ी बनाने योग्य तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे उपज की मात्रा पर कुछ प्रभाव पड़ा है। यह तेंदूपत्ता लगभग 30 ग्रामो के कुल 2557 परिवारों द्वारा कुल 23 फड़ो पर संग्रहित किया गया, जिन्हें 4000 रुपए प्रति मानक बोरा के हिसाब से कुल 71 लाख रुपये से भी ज्यादा संग्रहण मज़दूरी का भुगतान उनके बैंक खातों



में किया जा रहा है। गौरतलब है कि हर वर्ष माह मई में वन विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में बीड़ी बनाने में प्रयुक्त तेंदूपत्ता का संग्रहण करवाया जाता है, जो स्थानीय लक्ष्य एवं उत्पादन के आधार पर 7 दिवस से 25 दिवस तक चलता है। वन परिक्षेत्र राघोगढ़ अंतर्गत इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विभिन्न फड़ो में 3 से 7 दिवसों तक चला था। तेंदुपत्ता संग्रहण मज़दूरी भुगतान के लगभग 2 वर्ष बाद संग्राहकों को बोनस भी दिया जाता है।

# लायंस हेल्पिंग हैंड्स ने मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब अशोकनगर, द्वारा एमजेएफ लायन वैशाली सलूजा के सौजन्य से, लायन लखन यादव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग दिवस के मानकों के आधर पर सभी सदस्यों को योगाभ्यास करवाया गया। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर किरन चिटकारा को आमंत्रित किया गया, जोकि एक सर्टिफाइड योग ट्रेनर हैं।जोन चेयरपर्सन वैशाली ने बताया की योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, जिसका अर्थ है इकट्ठा होना, बांधना। योग अब चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका के साथ-साथ भारत से बौद्ध धर्म में फैल गया है, और इस समय पूरे सभ्य दुनिया में लोग इससे परिचित हैं। योग विद्या में शिव को पहले योगी या आदि योगी तथा पहले गुरू या आदि गुरू के रूप में माना जाता है। क्लब सदस्यों में किरण कुशवाह, कविता साहू, फिरोज़ सुलतान, सुनीता जैन, नीलम जैन ,मिथिलेश यादवएवम संतोष चंदेल उपस्थित थे। साथ ही अन्य अतिथियों में ज्ञानेश्वरि सक्सेना एवम चंद्रेश यादव ने भी उपस्तिथि दर्ज कराई।

# 13 दिवसीय के सॉफ्ट टोइस मैकर एंड सेलर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी अशोकनगर में 13 दिवसीय के सॉफ्ट टोइस मैकर एंड सेलर प्रशिक्षण एवं 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। दोनों प्रशिक्षण में कुल 61 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर श्री राजाराम वर्मा निदेशक आरसेटी द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण के समापन में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बताया गया और सभी




प्रशिक्षणार्थियों को पीएमजेजेबी 436 एवं पीएमएसबीवाय 20 का बीमा स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का करवाने हेतु सलाह दी गई। इस अवसर पर आर सेटी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसबीआई आरसेटी अशोकनगर में प्रशिक्षणार्थीयो को योग करवाया गया और योग से होने वाले लाभ के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर निदेशक राजाराम वर्मा, गेस्ट फैकल्टी आरती परिहार एवं आर सेटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'योग का अर्थ है जुड़ाव जो तन मन को जोड़ता है'

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

योग का अर्थ है जुडाव ,जोड़ना जो तन और मन को जोड़ता है ,आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजली ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है उनके अनुसार चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।आज योग दिवस के मौके पर किडज़ी स्कूल में विश्व योग दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने योग के बारे में समझा इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्डी एन.आई.एस. वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे ने बच्चो को विभिन्न



मुद्राओं में योग कराया जिसमें वज्रासन, पद्मासन, अर्धपद्मासन, सुखासन आदि के बारे में बताया और स्कूल के सभी बच्चो ने बच्चों ने योग के प्रति अपनी सजगता दिखाई बच्चों ने इस मौके पर सूर्य नमस्कार भी किया इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर सतीश चैरसिया, प्राचार्य सौरव जैन, अभिषेक चैधरी सहित स्कूल स्टॉफ ने योग कर बच्चों सहित समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया।

## पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल में सामूहिक योग का किया आयोजन

**नईसराय।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार रांची झारखंड से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में लाइव प्रसारण और प्राचार्य ओ पी शिवहरे के निर्देशन में ग्राम के आम और खास नागरिकों को सुबह 6रू00 बजे आमंत्रित किया गया जिसमे मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह,पूर्व उप सरपंच राजेंद्र सोनी,रिटायर्ड जी व्ही ओ महेश भार्गव, पतंजली के योग ट्रेनर रामकृष्ण कुशवाह,रिटायर्ड एच एम खिल्लू राम बौद्ध, पी टी आई संतोष श्रीवास्तव, कन्या हाई स्कूल योग शिक्षक परमाल सिंह रघुवंशी,उच्च माध्यमिक शिक्षक कैलाश जाटव,संतोष जाटव,अमित कौशिक,राजेंद्र दोहरे,अवनाश गौतम,श्रीमती डिंपल रघुवंशी,मुन्नालाल सेन,सुरेश सेन,घनश्याम जाटव, मनमोहन रघुवंशी,आदि योग साधकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## चंदेरी की प्रसिद्ध पुरातात्विक स्मारक बादल महल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**चंदेरी।** हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में विश्व योग दिवस मनाया जाता है, इस दिन का उद्देश्य आध्यात्मिक और शारीरिक अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना है, भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है, योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है,योग के मामले में भारत विश्व गुरु है, भारत ने योग दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बहुत फायदेमंद है।यह शरीर को रोगमुक्त रख मन को शांत करने में मदद करता है। इसी के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग



दिवस पर आज ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के सरस्वती विद्या मंदिर परिसर हाल में कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि,तथा पुरातत्व इमारत बादल महल में नगर के आम नागरिक व जूडो कराटे के बच्चे व प्रशिक्षित योगा टीचर के द्वारा विभिन्न तरह के योग करा कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी फीडरों पर विद्युत प्रदाय के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वृत कार्यालय मीटिंग हॉल अशोकनगर में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा विद्युत संबंधी शिकायतो की समीक्षा की गई एवं शिकायतों का तत्काल निराकरण तथा शिकायतो में कमी लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस दौरान विद्युत प्रदाय की समीक्षा की गई एवं अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सभी फीडरों पर कंपनी नियमानुसार विद्युत प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में अधिक समय तक विद्युत प्रदाय में व्यवधान न हो फीडरो का संधारण करें। जिससे 33 के. व्ही. एवं 11 के. व्ही. फीडरो ट्रिपिंग कम से कम हो। उन्होंने राजस्व संग्रहण पर भी जोर दिया। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो को अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण करने के निर्देश के साथ-साथ बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियो को भी राजस्व संग्रहण कराने में सहयोग करनें हेतु सलाह दी गई। बैठक के दौरान चन्देरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा राजकुमार बर्मा लाईन हैल्पर की शिकायत की गई। जिस पर ऊर्जा मंत्री द्वारा उक्त लाईन हैल्पर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।विदिशा रोड पर और कजराई मे नया विघुत उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग को लेकर उर्जा मंत्री को पत्र सोपा।

मध्यप्रदेश शासन के उर्जा मंत्री प्रधुमन सिंह तोमर को जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मलकीत सिंह ने पत्र सोपकर मांग की है कि ग्राम कजराई मे और अशोकनगर विदिशा रोड पर नवीन विघुत उपकेन्द्र स्थापित किया जाए।

उन्होने कहा है कि अशोकनगर ग्रामीण क्षेत्र के आस पास जिन फीडरो से विघुत प्रवाहित होती है उनकी लंबाई अधिक है। इससे विघुत की समस्या बनी रहती है। क्षेत्र मे वोल्टेज की समस्या बनी है। कुकरेठा के पास परासरी ,सुहागपुर, कुन्दौली ,जैडाई , रिजौदा, खिरिया गुहास आदि ग्रामो का लोड ग्राम कुकरेठा के फीडर पर बढ गया है। जिससे ग्रामवासियो को समस्याओ का सामना करना पड रहा है। इसी प्रकार अशोकनगर शहर के अंतर्गत विदिशा रोड के आस पास के क्षेत्रो मे विघुत की समस्या बनी रहती है। इस क्षेत्र मे दो फीडरो की सप्लाई शंकरपुर मगरदा पावर हाउस से एवं मेन बाजार के पावर हाउस के फीडरो से की जाती है। इन फीडरो की लंबाई अधिक होने से वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। विदिशा रोड पर कई नई बस्तिया बसने से उपभोक्ता बढे है। ऐसी स्थिति मे यहा नवीन उपकेन्द्र बनाए जाने की मांग की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अस्पताल में कराया योग



हरिभूमि न्यूज ⏭शुजालपुर

इन दिनों गंभीर रोगों को दूर करने के लिए योग का सहारा लिया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में योग की सुविधा शुरू की गई है। योग शिक्षिका आशा प्रजापति द्वारा सिविल अस्पताल शुजालपुर में योग दिवस के मौके पर मरीजों के साथ अस्पताल स्टाफ ने भी सामूहिक योग किया। वहीं पेट संबंधी, सिर दर्द, अस्थमा, डायबिटीज और हायपरटेंशन के मरीजों को योग की सेवाएं दी जा रही हैं। रोजाना मरीज इसका लाभ उठा रहे हैं। खास बात यह है कि योग के लिए लोगों को बाहर जहां हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं, वहीं अस्पताल में यह सेवा निःशुल्क दी जा रही है। योग शिक्षिका आशा प्रजापति ने बताया कि मेडिटेशन के साथ-साथ यहां विभिन्न रोगों को दूर करने के लिए योग की विभिन्न क्रियाएं सिखाई जाती हैं। रोजाना आने वाले मरीजों को योग क्रियाएं कराई जाती हैं, ताकि उन्हें इसका फायदा मिल सके। वहीं मरीज भी योग सीख कर खुद को अच्छा महसूस कर रहे हैं। इस दौरान अस्पताल प्रभारी शारदा रामसरिया, डॉ. रामसलोने मिश्रा, रविंद्र शर्मा, विकास गुप्ता, मनीषा वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मनाया विश्व योग दिवस



**आष्टा।** शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालयमें विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा ने सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिये योग है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में योग के महत्व से हम सभी परिचित है। योग केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिये ही नहीं बल्कि शारीरिक एवं मानसिक उन्नति के लिए भी आवश्यक महत्वपूर्ण घटक है। इसे हम जीने की कला कि रूप में समझ सकते है। योग एक विद्या है जो भारत भूमि की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज विश्व के कई देशों ने अपनाया है। योग समस्त मोक्ष साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना है। सामान्य लोग आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है लेकिन योग का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। योग हमें इस नश्वर संसार की नकारात्मकताओं से दूर ले जाकर परमात्मा से साक्षात्कार करवाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिये योग को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता राय, डॉ. दीपेश पाठक, राजेश्वर भूतिया, जगदीश नागले, रूपकिशोर शर्मा, सतेन्द्र सक्सेना एवं स्टाफ के अन्य सदस्य एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएम राइज विद्यालय में हुई योग की क्रियाए

**आष्टा।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्रानुसार विकासखण्ड स्तरीय दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दिनांक 21 जून 2024 को सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 के लिए 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम निर्धारित की गई है। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर योग कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में तहसीलदार पंकज पवैया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, प्राचार्य सी एम राइज सितवत खान, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत,थाना प्रभारी रविंद्र यादव,मंडी सचिव प्रवीणा चौधरी, मंडल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग संजय त्रिवेदी, मॉडल स्कूल प्राचार्य सी.एल. पेठारी, आयुष विभाग से डॉ शाइनी अंजुम, आंगनवाड़ी, आशा एवं उषा कार्यकर्ता भी उपस्थित रही। योग कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से मन एवं शरीर स्वस्थ्य रहता है। शासन द्वारा योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसकी अंतर्राष्ट्रीय मान्यता भी मिल रही है।

### लगातार बारिश होने के आसार, किसान बोवनी की तैयारी में जुटे

# बदला मौसम का मिजाजः बारिश हुई लोगों को गर्मी से मिल गई राहत

बरसात का मौसम लगभग शुरू हो गया है। अंचल में बारिश का दोर शुरू होने के साथ ही अब गर्मी से भी लोगों को राहत मिल रही है, वही बारिश शुरू होते ही किसान भी बोवनी में जुट गए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा सहित ग्रामीण अंचल में तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं क्षेत्र में कई जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। बता दें कि लगातार पड़ रही गर्मी और उमस से क्षेत्र के लोग परेशान थे। वहीं शुक्रवार को सुबह 5 बजे से 7 के बीच मानसून की पहली बारिश शुरू हुई। करीब 2 घंटे तक हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

### चौक हुआ अलीपुर का नाला

शहर के अलीपुर क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नाले के चौक होने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष को आवेदन देकर दी थी। लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं की गई, जिस कारण शुक्रवार को हुई बारिश के बाद नाला चौक हो गया।

### सड़कों पर बहने लगा गंदा पानी

शनिवार को हुई बारिश से नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की भी पोल खुल गई। नगर पालिका कई दिनों से नाले नालियों की सफाई कर रही थी, लेकिन पहली बारिश में ही कई क्षेत्रों में नाले नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है।

### इन क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी

सबसे ज्यादा परेशानी बुधवारा के लोगों को उठानी पड़ रही है। यहां बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ गया। इधर कन्नौद रोड पर भोपाल नाका से कॉलोनी चौराहा तक के दोनों नाले भी चौक होने के चलते बजरंग कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में मालवा, गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। इससे आने जाने वाले लोगों परेशान हुए। मामले में नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा कि बारिश में शहर के नाले नालियों की लगातार सफाई



की जा रही है। जहां भी जानकारी मिलती है तुरंत नाले नालियों की सफाई की जाती है।

# आवारा जानवर बच्चों और वृद्धों पर कर रहे हमला

### जगह-जगह नजर आ रहे झुंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में आवारा कुत्तों की संख्या दिन -प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। जिस पर लंबे समय से ध्यान न देने का असर हुआ है कि नगर में सड़कों पर हर जगह आवारा कुत्तों के झुंड ही देखने को मिलते हैं। जो राह चलते राहगीरों के लिए दहशत बने हुए हैं और आए दिन कुत्तों के काटने के मामले जानकारी में आ रहे हैं।आम नागरिकों पर हमला करने के लिए लपकने के मामले बढ़ते ही दिखाई दे रहे हैं। नगर के लोग लंबे समय से आवारा कुत्तों की समस्या से समाधान की मांग करते आए हैं। जिसे देखते हुए नगर में एनिमल बर्थ यूनिट शीघ्र शुरू की जाना चाहिए।नगर का हर दूसरा व्यक्ति आवारा कुत्तों की समस्या से परेशान है। नगर में आवारा कुत्तों का मुद्दा बहस का कोई नया विषय नहीं है, लेकिन कुछ दिन पहले नगर में एक मुख्य बाजार में एक मासूम बच्ची पर हमले का वीडियो वायरल हो रहा है। देश में आवारा कुत्तों के हमलों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है।साथ ही रैबीज से होने वाली मौतों के मामले भी सबसे ज्यादा है। आवारा कुत्तों के हमलों की कई घटनाओं ने आवारा कुत्तों के खिलाफ लोगो मे आक्रोश पैदा कर दिया है। जिन्हे अब एक खतरनाक और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा माना जाने लगा है।हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति वाले कुत्तों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें पकड़ा जाना चाहिए तथा टीका लगाया जाना चाहिए और नगर से दूर छोड़ दिया जाना चाहिए।नगर पालिका एवं पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही कही नागरिकों पर भारी न पड़ जाए अब स्कूल भी खुल गए हैं।

# महामंडलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महामण्डलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने निज निवास पर पहुंच कर गुरुदेव का स्वागत किया। महामण्डलेश्वर अजय पुरोहित को जगद्गुरु की उपाधि मिलने पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने निज निवास पर पहुँच कर गुरुदेव का स्वागत किया। साथ में संजय धारवॉ,वर्षा धारवॉ, उत्थान धारवॉ, सुषमा जायसवाल उपस्थित थे। महासभा के अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा की अनुशंसा पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने पंडित पुरोहित को जगदगुरु पद के लिए नाम की घोषणा की है। पंडित श्री पुरोहित की जगद्गुरु के रूप में अभिषेक का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025 में किया जाएगा, अनुष्ठान में देशभर से संत महात्मा उपस्थित होंगे। प्रेसवार्ता के दौरान नव घोषित हुए जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा की ओर से हिंदू आचार संहिता को बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसे बनाने में श्रीमद्भागवद गीता, रामायण, महाभारत, पुराणों, मनु स्मृति, पराशर स्मृति, देवल स्मृति की भी मदद ली जाएगी। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में जगदगुरु का पद बहुत ही सम्मान की बात होता है, जगद गुरु को पूरे देश में राष्ट्रीय अतिथि के रूप में मिलता है। उन्होंने अपनी आगामी रुपरेखा के बारे में संक्षिप्त से बताते हुए कहा कि हिन्दु धर्म और सनातन मजबूत हो इसके लिए आचार संहित निर्धारित की जाएगी।

# योग को अपनाने का लो संकल्प, स्वस्थ रहने का यही है सबसे अच्छा विकल्पः रामनरेश यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के अध्यक्ष प्रथम जिला न्यायाधीश शिप्रा पटेल के द्वारा न्यायालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग विषय इस प्राचीन अभ्यास के सार को दर्शाता है। योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ योग शिक्षक योगी राम नरेश यादव द्वारा उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण को योगाभ्यास कराया गया तथा योगी रामनरेश यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए बताया गया कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। योग के आठ अंगों को अष्टांग कहते हैं जिससे आठों आयामों का अभ्यास एक साथ किया जाता है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान, प्रत्याहार, समाधि के योग के आठ अंग माना जाता है। योग में प्राणायाम का विशेष महत्व है। प्राण का अर्थ जीवन शक्ति एवं आयाम का अर्थ ऊर्जा पर नियंत्रण होता है। अर्थात श्वास लेने संबंधी कुछ विशेष तकनीकों द्वारा जब प्राण पर नियंत्रण किया जाता है तो उसे प्राणायाम कहते हैं। प्राणायाम के तीन प्रकार होते हैं- अनुलोम विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम। इस अवसर पर न्यायाधीशगण में उमेश पटेल, ऋचा शर्मा, एमएनएच रजवी, अधिवक्ता धीरज धारवां, कुलदीप शर्मा अधिवक्ता एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# शिक्षण और संस्कार शिविर का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सभी लोगों को चाहिए कि वे भक्ति भाव सहित धर्म आराधना करें, जिससे उनके पापों का क्षय होगा और पुण्य अर्जित होगा। संसार के सुखों की चाहत नहीं रखें जितना अधिक हो सके धर्म - ध्यान करें। आत्मा कर्मों से मुक्त होकर ही सुखी हो सकती है।

योग के माध्यम से रोग दूर किए जा सकते हैं। शुक्रवार 21 जून को सुबह 7 बजे से 8 बजे तक एक घंटे मंदिर परिसर में योग सिखाया जाएगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर 14 जून से शुरू हुए मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर को संबोधित करते हुए बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहीं। आपके पावन सनिध्य में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा इस धार्मिक शिविर के माध्यम से धर्म लाभ लिया जा रहा हैं । शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति व्यवस्थित काम करेगा तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। धर्म करने से पापों का क्षय हो जाता है। शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं के दम पर अपनी छवि बनाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटाया, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत प्रदेश के साथ अन्य प्रांतों में की, इसलिए नरेंद्र मोदी ने उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया। देश में आज व्यापारियों के धंधे आधे रह गए हैं, केंद्र सरकार की कुछ नीतियों के कारण। धर्म पुरुषार्थ करें, संसार के सुखों की चाहत न रखें। हम आत्मा है,शरीर नहीं। संजय भैय्या ने कहा हम आत्मा के लिए पुरुषार्थ व पुण्य अर्जन करते हैं। आत्मा छोटी बड़ी नहीं होती है। आत्मा अविनाशी है इसका कभी भी अस्तित्व समाप्त नहीं होता है। आत्मा कर्मों से मुक्त होकर सुखी हो सकती है। शरीर प्रमाण है, हमारे पास शक्ति है।हम ज्ञान बढ़ाना चाहें तो बहुत ज्ञान बढ़ा सकते हैं। कुछ लोग ज्ञान के बल पर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं,जो ठीक नहीं है। ज्ञान का सही उपयोग करना चाहिए।चिंता मणि की प्राप्ति कर सकते हैं, आत्मा से परमात्मा बन सकतें हैं। सभी मोक्ष जाना चाहते हैं, लेकिन कर्म ऐसे नहीं कर रहे हैं।

# मंदिर परिसर में हुए बोर खनन से राहगीर और भक्तों को पेयजल संकट से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्विया भारती समाज द्वारा नवनिर्मित संत श्री शिरोमणि रविदास जी महाराज के मंदिर मे हर साल भंडारे के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इन कार्यक्रमों के लिए पेयजल की समस्या बनी रहती थी।

मजबूरी में पानी के टैंकर मंगवाए जाते हैं। इसी कमी को देखकर संत श्री शिरोमणि रविदास महाराज मंदिर परिसर में स्थानीय जनपद सदस्य प्रीति जयसिंह भारती के आग्रह पर पीएचई विभाग द्वारा बोर खनन किया गया। जिसमें 25 फीट से पानी स्टार्ट हुआ और 400 फीट तक भरपूर पानी निकला।

जिससे समिति के सभी सदस्य और अध्यक्ष मूलचंद भारती संत श्री शिरोमणि रविदास जी महाराज का नारा दोहराया कि मन चंगा तो कटौती में गंगा। इस उपलक्ष पर समिति सदस्य द्वारा मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान समिति सदस्य में भागीरथ भारती, कमल सिंह सरपंच, हरि सिंह भारती, मांगीलाल भारती, प्रेम नारायण सुतारिया आदि उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं का अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज ने किया स्वागत

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महानगर इन्दौर से पधारे अतिथि जैसे सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष सतीश शर्मा, युवा संगठन अध्यक्ष रोहित शर्मा, प्रचार मंत्री श्याम दास बैरागी, संतोष बैरागी इन्दौर, सत्यनारायण बैरागी धार, जनार्दन बैरागी धार, नारायण बैरागी इन्दोर जो ओंकारेश्वर,कुबेरेश्वर धाम,काशी विश्वनाथ, बागेश्वर धाम के उपरान्त भगवान राम लला के दर्शन उपरान्त भव्य सुन्दरकाण्ड का पाठ करेंगे। सभी आगंतुकों का अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा ने तिलक, माला, आत्मीय भाव से किया स्वागत वंदन अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा के संयोजक डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, महंत नर्मदा दास बैरागी, बालू बैरागी आष्टा, संयोजक राम दास बैरागी अरनिया राम, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, महंत अधिकारी हरि दास बैरागी मुगली, तहसील अध्यक्ष मुकेश बैरागी, संयोजक ओम बैरागी, संयोजक ललित बैरागी पटवारी, वरिष्ठ समाजसेवी लखन बैरागी शिक्षक, संरक्षक कमल बैरागी शोभाखेडी, संयोजक निर्मल बैरागी, शत्रुघ्न दास बैरागी, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी, संयोजक कन्हैया बैरागी आष्टा, सेवा संघ जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निलिमा बैरागी, नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी तहसील युवा अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, कोषाध्यक्ष संतोष वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, विनोद बैरागी, महेश बैरागी आष्टा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बैरागी हरनावदा, विष्णु दास बैरागी बागेर, धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, तहसील उपाध्यक्ष राहुल बैरागी सिद्दीकगंज, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी, नगर सचिव रवीन्द्र वैष्णव, तहसील युवा उपाध्यक्ष पवन बैरागी, सुनील बैरागी मुगली, युवा उपाध्यक्ष राहुल बैरागी मुगली रोड, राजेन्द्र बैरागी सिद्दीकगंज,भविष्य वैष्णव अन्य सामाजिक बन्धु उपस्थित हुए।

# पंचेंद्रिय के विषय भोग हर सिथित में सदा ही दुखकर होते : संजय भैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




दिव्योदय अतिशय जैन तीर्थ किला पर चल रहे आध्यत्मिक ज्ञानार्जन शिविर के सातवें दिन रचयित महान ग्रन्थ इस्टोपदेश की वाचना के तहत ब्रम्हचारी संजय भैया पठारी ने कहते हुए बताया कि पंचेन्द्रीय के विषय भोग हर स्थिति में दुखकर ही होते है,कष्टकर होते हे।

जैसे जैसे यह विषय भोग हमे प्राप्त होते जाते है उनमें हमारी आशक्ति बढ़ती जाती है। एक एक इन्द्रिय में रम कर व्यक्ति अपना सम्पूर्ण जीवन समाप्त कर देता है। ओर मरण हो जाता है, व्यक्ति का मन सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। मन की भूख कभी पूरी नही होती है। मोक्ष में आकुलता नही होती है। इक्षाएं जितनी ज्यादा होगी उतनीजिन कार्यो से आत्मा का भला होता है उनसे शरीर का भला नही होताजिनसे शरीरी का भला होता हो उनसे आत्मा का भला नही होता ध्यान चार प्रकार का बतलाया गया है आर्त ध्यान, रौद्र ध्यान,धर्म ध्यान,शुक्ल ध्यान धर्म ध्यान से ही चिंतामणी रत्न की प्राप्ति हो सकती है। आत्म कल्याण की भावना रखते है तो आप चिंतामणि रत्न की ओर आगे बढ़ रहे है यदि सन्सार की ओर ध्यान है। आकांछा है तो खली का टुकड़ा प्राप्त करने की ओर है हमारा ध्येय होना चाहिए कि जो कि उचित नही है। उसे ग्रहण नहीं करेबुद्धिमान को चिनतामणि रत्न को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।